>

Title: Need to sanction four-laning of National Highway No. 3 between Gwalior and Dewas in Madhya Pradesh.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : सभापति महोदया, मध्य प्रदेश से होकर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-3 (आगरा-मुम्बई) को ग्वालियर से देवास तक चार लेन मार्ग के रूप में बनाने की शीघ्र आवश्यकता है। केन्द्र सरकार ने इसकी सैद्धान्तिक स्वीकृति भी दी है। साथ ही इसी मार्ग पर शाजापुर शहर के लिए बाईपास रोड निर्माण तथा शाजापुर-मक्सी के मध्य लखुन्दर नदी आदि स्थानों पर बड़े पुल निर्माण की अत्यंत आवश्यकता है। इसकी स्वीकृति हेतु मामला सरकार के पास पिछले आठ-दस वर्षों से चल रहा है। उपरोक्त आशय के कार्य नहीं होने के कारण आये दिन गंभीर दुर्घटनाएं हो रही हैं। इससे भारी जनहानि और धनहानि हो रही है।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि उपरोक्त समस्याओं के निदान हेतु उपरोक्त कार्यों को करने हेतु शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।

श्री लक्ष्मण सिंह (राजगढ़) : सभापति महोदया, मैं भी इसका समर्थन करता हूं क्योंकि यह मेरा निर्वाचन क्षेत्र है।